National Election Watch

ADR
Association for Democratic Reforms

**दिनांक: 08 अप्रैल, 2023**

# क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के आय और व्यय का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष 2021-22

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

पता: टी- 95 दूसरी मंजिल, सी एल हाउस,
गौतम नगर, दिल्ली – 110049
ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011- 4165 4200

# सारांश

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पारदर्शिता उनके कामकाज का महत्त्वपूर्ण पहलू होना चाहिए | व्यापक और पारदर्शिता लेखा प्रणाली के लिए आवश्यक है कि दलों सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करें |

भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) ने 19 नवम्बर, 2014 को राजनीतिक दलों के अध्यक्षों /महामंत्रियों को सम्बोधित करते हुए अपने पत्र में लिखा कि सभी दलों को उनकी ऑडिट रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है | यह रिपोर्ट **वित्तीय वर्ष 2021-22** के दौरान **54 क्षेत्रीय दलों** में से **36 दलों** द्वारा पूरे भारत वर्ष से **प्राप्त कुल आय और खर्च का** विश्लेषण करती है जैसा कि दलों द्वारा चुनाव आयोग को प्रस्तुत किए गए अपने ऑडिट रिपोर्ट में घोषित किया गया है |

विश्लेषण किये गए दलों में आम आदमी पार्टी, असम गण परिषद, एआईडीएमके, एआईएफबी, एआईएनआरसी, एआईयूडीएफ, एजेएसयू, बीजेडी, सीपीआई(एमएल) (एल), डीएमडीके, डीएमके, गोवा फॉरवर्ड पार्टी, आईएनएलडी, जेसीसी(जे), जेडीएस, जेडीयू, जेजेपी, जेकेपीडीपी, जेएमएम, केसी-एम, एमजीपी, एमएनएस, एनडीपीपी, एनपीएफ, पीडीएफ, पीएमके, आरजेडी, आरएलडी, शिरोमणि अकाली दल, एसडीएफ, समाजवादी पार्टी, टीडीपी, टीआरएस, यूपीपीएलएल और वाईएसआर-कांग्रेस.

## I. क्षेत्रीय दलों द्वारा ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख: वित्तीय वर्ष 2021-22


- राजनीतिक दलों के लिए वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तारीख **31 अक्टूबर 2022** थी |
- **20** क्षेत्रीय दलों ने अपना ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा पर जमा किया था जबकि **16 दलों** ने अपने ऑडिट रिपोर्ट **1 दिन** से लेकर **97 दिनों** की देरी के बाद आयोग को प्रस्तुत किया |
- वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए, शेष **18 क्षेत्रीय दलों** के ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर आज की तारीख तक उपलब्ध नहीं हैं | इनमें **एआईएमआईएम, शिवसेना, जेकेएनसी, बीपीएफ** और **आईयूएमएल** आदि प्रमुख दल शामिल हैं |
- इसलिए, यह रिपोर्ट **36** क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की आय और व्यय का विश्लेषण करती है, जिनका वित्तीय वर्ष 2021-22 का ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है |

| Regional Political Parties: Due date for submission 31 Oct, 2022 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No** | **Political Party** | **Party Code** | **Status of submission** | **Date of Submission** | **No. of days by which delayed** |
| 1 | People's Democratic Alliance | PDA | Submitted on time | 13 June 2022 | 0 Day |
| 2 | Shiromani Akali Dal | SAD | Submitted on time | 12 August 2022 | 0 Day |
| 3 | Biju Janata Dal | BJD | Submitted on time | 26 August 2022 | 0 Day |
| 4 | Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party | JKPDP | Submitted on time | 02 September, 2022 | 0 Day |
| 5 | All India Forward Bloc | AIFB | Submitted on time | 06 September, 2022 | 0 Day |
| 6 | All India United Democratic Front | AIUDF | Submitted on time | 13 September, 2022 | 0 Day |
| 7 | Telangana Rashtra Samithi | TRS | Submitted on time | 20 September 2022 | 0 Day |
| 8 | Rashtriya Lok Dal | RLD | Submitted on time | 28 September, 2022 | 0 Day |
| 9 | Dravida Munnetra Kazhagam | DMK | Submitted on time | 29 September 2022 | 0 Day |
| 10 | Nationalist Democratic Progressive Party | NDPP | Submitted on time | 29 September 2022 | 0 Day |
| 11 | Aam Aadmi Party | AAP | Submitted on time | 1 October, 2022 | 0 Day |
| 12 | Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | YSR-C | Submitted on time | 2 October, 2022 | 0 Day |
| 13 | All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | AIADMK | Submitted on time | 3 October, 2022 | 0 Day |

| Regional Political Parties: Due date for submission 31 Oct, 2022 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No** | **Political Party** | **Party Code** | **Status of submission** | **Date of Submission** | **No. of days by which delayed** |
| 14 | Sikkim Democratic Front | SDF | Submitted on time | 3 October, 2022 | 0 Day |
| 15 | All India N.R. Congress | AINRC | Submitted on time | 12 October, 2022 | 0 Day |
| 16 | Pattali Makkal Katchi | PMK | Submitted on time | 15 October, 2022 | 0 Day |
| 17 | Kerala Congress (M) | KC-M | Submitted on time | 18 October 2022 | 0 Day |
| 18 | Jannayak Janta Party | JJP | Submitted on time | 19 October 2022 | 0 Day |
| 19 | Communist Party of India (Marxist-Leninist) (Liberation) | CPI(ML)(L) | Submitted on time | 25 October 2022 | 0 Day |
| 20 | Goa Forward Party | GFP | Submitted on time | 29 October 2022 | 0 Day |
| 21 | Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | DMDK | **Submitted with delay** | 2 November, 2022 | **1 Days** |
| 22 | Janta Congress Chhattisgarh (J) | JCC(J) | **Submitted with delay** | 4 November, 2022 | **3 Days** |
| 23 | Janata Dal (Secular) | JDS | **Submitted with delay** | 17 November, 2022 | **16 Days** |
| 24 | Janata Dal (United) | JDU | **Submitted with delay** | 28 November, 2022 | **27 Days** |
| 25 | Samajwadi Party | SP | **Submitted with delay** | 7 December, 2022 | **36 Days** |
| 26 | Rashtriya Janata Dal | RJD | **Submitted with delay** | 17 December, 2022 | **46 Days** |
| 27 | Telugu Desam Party | TDP | **Submitted with delay** | 28 December, 2022 | **57 Days** |
| 28 | Indian National Lok Dal | INLD | **Submitted with delay** | 30 December, 2022 | **59 Days** |
| 29 | Maharashtrawadi Gomantak | MGP | **Submitted with delay** | 31 December, 2022 | **60 Days** |
| 30 | Jharkhand Mukti Morcha | JMM | **Submitted with delay** | 6 January, 2023 | **66 Days** |
| 31 | People's Democratic Front | PDF | **Submitted with delay** | 18 January, 2023 | **78 Days** |
| 32 | AJSU Party | AJSU Party | **Submitted with delay** | 20 January, 2023 | **80 Days** |
| 33 | Asom Gana Parishad | AGP | **Submitted with delay** | 23 January, 2023 | **83 Days** |
| 34 | Naga Peoples Front | NPF | **Submitted with delay** | 31 January, 2023 | **91 Days** |
| 35 | Maharashtra Navnirman Sena | MNS | **Submitted with delay** | 2 February, 2023 | **93 Days** |
| 36 | United People's Party, Liberal | UPPL | **Submitted with delay** | 6 February, 2023 | **97 Days** |
| 37 | All India Majlis-E-Ittehadul Muslimeen | AIMIM | - | - | **158 Days** |
| 38 | Bodoland Peoples Front | BPF | - | - | **158 Days** |
| 39 | Hill State People's Democratic Party | HSPDP | - | - | **158 Days** |
| 40 | Indian Union Muslim League | IUML | - | - | **158 Days** |
| 41 | Indigenous People's Front of Tripura | IPFT | - | - | **158 Days** |
| 42 | Jammu & Kashmir National Conference | JKNC | - | - | **158 Days** |
| 43 | Jammu & Kashmir National Panthers Party | JKNPP | - | - | **158 Days** |
| 44 | Lok Jan Shakti Party | LJSP | - | - | **158 Days** |
| 45 | Mizo National Front | MNF | - | - | **158 Days** |
| 46 | Mizoram People's Conference | MPC | - | - | **158 Days** |
| 47 | People's Party of Arunachal | PPA | - | - | **158 Days** |
| 48 | Rashtriya Lok Samta Party | RLSP | - | - | **158 Days** |
| 49 | Rashtriya Loktantrik Party | RLP | - | - | **158 Days** |
| 50 | Revolutionary Socialist Party | RSP | - | - | **158 Days** |
| 51 | Shiv Sena | SHS | - | - | **158 Days** |
| 52 | Sikkim Krantikari Morcha | SKM | - | - | **158 Days** |
| 53 | United Democratic Party | UDP | - | - | **158 Days** |
| 54 | Zoram Nationalist Party | ZNP | - | - | **158 Days** |


## II. क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित कुल आय : वित्तीय वर्ष-2021-22

- वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान **36 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय **रु 1213.132 करोड़** थी |
- **डीएमके** ने सबसे अधिक **रु 318.745 करोड़** की आय घोषित की है जो **36 दलों** की कुल आय का **26.27%** है इसके बाद **बीजेडी** की कुल आय **रु 307.288 करोड़** (दलों की कुल आय का **25.33%)** और **टीआरएस** ने अपनी कुल आय **रु 218.112 करोड़** घोषित की है, जो सभी **36 दलों** की कुल आय का **17.98%** है |
- शीर्ष **5 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय मिलाकर **रु 1024.424 करोड़** है जो **36 दलों** की कुल आय का **84.44%** है |




## III. क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 के बीच की आय की तुलना

- चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध **35** क्षेत्रीय दलों के दो साल के ऑडिट रिपोर्ट से पता चलता है की **20 दलों** ने वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अपनी आय में **वृद्धि** दर्शायी है जबकि **15 दलों** ने अपनी आय **कम घोषित** की है | (**अनुबंध एक** को देखें)
- वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, **35 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय **रु 565.424 करोड़** थी जो वित्तीय वर्ष 2021-22 में **114.48%** (647.284 करोड़) बढ़कर **रु 1212.708 करोड़** हो गयी |
- **बीजेडी** ने वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में इस साल (वित्तीय वर्ष 2021-22) **रु 233.941 करोड़** की अधिक आय दर्शायी है इसके बाद **टीआरएस** की आय में **रु 180.454 करोड़** और **डीएमके** की आय में **रु 168.795 करोड़** की बढ़ोतरी हुई है |





## IV. क्षेत्रीय दलों द्वारा खर्च नहीं की गयी आय : वित्तीय वर्ष 2021-22

- वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, **21 दलों** ने अपनी आय से **कम खर्च** किया है जबकि **15 दलों** ने अपनी एकत्रित आय से **अधिक खर्च घोषित** किया है |
- वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए, **डीएमके** ने अपने कुल आय का **रु 283.344 करोड़**, **बीजेडी** ने **रु 278.658 करोड़** और **टीआरएस** ने **रु 190.173 करोड़** की आय खर्च नहीं किया है |
- इन 15 राजनीतिक दलों (शिरोमणि अकाली दल, एआईएडीएमके, टीडीपी, जेडीएस, एमजीपी, आरएलडी, पीएमके, आईएनएलडी, जेकेपीडीपी, एआईयूडीएफ, एनपीएफ, एसडीएफ, पीडीए, डीएमडीके और जेसीसी (जे)) ने अपनी आय से **अधिक खर्च** किया है | **डीएमडीके** ने अपने ऑडिट रिपोर्ट में आय से **रु 3.3052 करोड़** (30603.70%) अधिक खर्च दर्शाया है |


## V. क्षेत्रीय दलों का कुल व्यय : वित्तीय वर्ष 2021-22

- वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान **36 क्षेत्रीय दलों** की कुल खर्च **रु 288.146 करोड़** थी |
- शीर्ष **5 दलों** ने कुल मिलाकर **रु 176.779 करोड़** खर्च किये जो **36 राजनीतिक दलों** के कुल खर्च का **61.35%** था |
- सबसे ज्यादा खर्च करने वाले शीर्ष **5 क्षेत्रीय दलों** में **समाजवादी पार्टी** ने **रु 54.017 करोड़** (36 दलों के कुल खर्च का **18.746%)** का खर्च घोषित किया है | इसके बाद **डीएमके** ने **रु 35.401 करोड़** (36 दलों के कुल खर्च का **12.286%**), **आम आदमी पार्टी** ने **रु 30.295 करोड़** (36 दलों के कुल खर्च का **10.514%)**, **बीजेडी** ने **रु 28.63 करोड़** (36 दलों के कुल खर्च का **9.936%)** और **एआईडीएमके** ने **रु 28.436 करोड़** (36 दलों के कुल खर्च का **9.869%)** का खर्च दर्शाया है |





## VI. क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित सभी आय के स्त्रोत : वित्तीय वर्ष 2021-22

- वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, 36 क्षेत्रीय दलों ने **स्वैच्छिक योगदान** (दान और चुनावी बांड्स) से कुल **85.7274%** (रु 1039.987 करोड़) की आय अर्जित की है |
- 36 क्षेत्रीय दलों ने कुल मिलाकर **रु 852.88 करोड़** (36 दलों की कुल आय का **70.3039%**) की राशि **चुनावी बांड्स** के माध्यम से प्राप्त किया है जबकि अन्य दान से दलों को **रु 187.107 करोड़** (36 दलों की कुल आय का **15.4235%**) की राशि मिली है | क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित आय के **अन्य स्त्रोतों** का हिस्सा **रु 173.145 करोड़** है जो कुल घोषित आय का **14.2726%** है |
- 36 क्षेत्रीय दलों में से केवल **10 दलों** ने ही कुल मिलाकर **रु 852.88 करोड़** की धनराशि **चुनावी बांड्स** से दर्शाया है |
- **बैंकों से ब्याज** के माध्यम से **36 क्षेत्रीय दलों** ने कुल मिलाकर **7.70%** या **रु 93.468 करोड़** की आय प्राप्त की है |



**Share of income of top 10 Regional Political Parties through Electoral Bonds, Donations/Contributions & Other income, FY 2021-22 (in Rs Cr)**




## एडीआर की अवलोकन

- **16 दलों** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट **1 दिन** से लेकर **97 दिनों** की देरी के बाद चुनाव आयोग को जमा किया था जबकि **18 क्षेत्रीय दलों** के ऑडिट रिपोर्ट **158 दिनों** के बाद भी (दिनांक -08 अप्रैल 2023 तक) आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं |
- वित्तीय वर्ष 2021-22 के विश्लेषण से पता चलता है की **36 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय में से **रु 852.88 करोड़** (36 दलों की कुल आय का **70.30%**) की आय **चुनावी बांड्स** के माध्यम से प्राप्त हुई है, जो **गुमनाम** है तथा इन दान दाताओं की पहचान **सार्वजनिक तौर से प्रकट नहीं** की जाती है |
- वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 36 क्षेत्रीय दलों का मुख्य खर्च **चुनाव व्यय, प्रशासनिक और सामान्य व्यय** है |
- एडीआर के आरटीआई आवेदन के जवाब में एसबीआई द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 में दलों ने **रु 2673.0525 करोड़** के चुनावों बॉण्ड का नगदीकरण किया था || इसमें से राष्ट्रीय दलों ने **67.79%** (रु 1811.9425 करोड़) और क्षेत्रीय दलों ने **31.91%** (रु 852.88 करोड़) दानराशि का नगदीकरण किया है |
- चुनावी बॉण्ड द्वारा दान दाताओं को प्रदान की गई गुमनामी को देखते हुए, वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों का सबसे लोकप्रिय स्त्रोत बनके उभरा है | आठ राष्ट्रीय दलों में से केवल **चार दलों (बीजेपी, तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस** और **एनसीपी)** ने ही चुनावी बॉण्ड के माध्यम से **रु 1811.9425 करोड़** का दान प्राप्त किया है | जिन दानदाताओं ने चुनावी बॉण्ड के माध्यम से दान दिया है उनकी पहचान सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं होती है | अभी तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध 36 क्षेत्रीय दलों की ऑडिट रिपोर्ट के अध्ययन से पता चलता है की केवल **10 क्षेत्रीय दलों** (डीएमके, बीजेडी, टीआरएस, वाईएसआर- कांग्रेस, जेडीयू, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, टीडीपी और एमजीपी) ने ही चुनावी बॉण्ड के माध्यम **रु 852.88 करोड़** का चंदा प्राप्त करने कि घोषणा की है |
- महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (**एमजीपी**) ने अपने ऑडिट रिपोर्ट में चुनावी बॉण्ड से प्राप्त आय की घोषणा नहीं की है जबकि पार्टी द्वारा **चुनाव आयोग को प्रस्तुत दान रिपोर्ट** में **रु 55.00 लाख** का दान चुनावी बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त होने की घोषणा की है |

# एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नहीं रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फार्म 24ए (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नहीं होना चाहिए |

- क्योंकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत (65 प्रतिशत) अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जाँच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ़्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है | इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 75 प्रतिशत अज्ञात रहना असम्भव होगा |
- वित्त विधेयक 2017 के अनुसार इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 13A में यह संशोधन किया गया था की सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों को कर में छूट दी जाएगी "बशर्ते वो राजनीतिक दल जो अपने पिछले साल का आयकर विवरण (ऑडिट रिपोर्ट) एक निश्चित प्रारूप में नियमित तारीख तक आयकर विभाग को जमा करता है" | इस प्रकार जो दल निर्धारित तारीख पर या उससे पहले अपना ऑडिट रिपोर्ट आयकर विभाग को जमा नहीं करता है ऐसे दलों को कर में छूट नहीं देनी चाहिए और इनकी मान्यता भी रद्द कर देनी चाहिए |
- चुनावी बॉन्ड्स ने चुनावी फंडिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी को रोककर नागरिकों के मौलिक 'जानने का अधिकार' का उल्लंघन किया है | इस तरह कि अपारदर्शिता बड़े सार्वजनिक हित की कीमत पर है और पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल सिद्धांतों के लिए एक गंभीर झटका है इसलिए चुनावी बॉन्ड्स योजना, 2018 को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाना चाहिए |
- चुनाव आयोग/सीबीडीटी/ कैग या अन्य किसी संबंधित संस्थान को यह देखरेख करने की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए कि चुनावी बांड के नकदीकरण और दलों द्वारा चुनावी बॉन्ड के माध्यम से प्राप्त दान के मूल्य में कोई भिन्नता तो नहीं है और केवल योग्य राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड्स से दान प्राप्त हो रहा है |
- राजनीतिक दलों को **सूचना के अधिकार** के तहत अपने वित्त सबंधित सभी जानकारी प्रदान करनी चाहिए जो राजनीतिक दलों, चुनावों और लोकतंत्र को मजबूत करेगा |
- आईसीएआई के दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले राजनीतिक दलों को आयकर विभाग द्वारा जाँच किया जाना चाहिए |

# अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डाटा का स्त्रोत क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा आयकर विभाग और भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट से लिया गया है | एडीआर किसी भी जानकारी को अपने रिपोर्ट में तब तक नहीं जोड़ता या घटाता है जब तक चुनाव आयोग डाटा में बदलाव नहीं करता | विशेष रूप से, किसी अन्य स्त्रोत से किसी भी असत्यापित जानकारी का उपयोग नहीं किया जाता है | इस डाटा को https://myneta.info/party और चुनाव आयोग के वेबसाइट में देख सकते हैं | डाटा को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह जानकारी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत विवरणों में उल्लेखित आकड़ों के अनुरूप है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और दलों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों द्वारा दी गई जानकारी ही सही मानी जानी चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एडीएआर, भारत के चुनाव आयोग और सबंधित राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयों के साथ प्रस्तुत राजनीतिक दलों के ऑडिट और योगदान रिपोर्ट के विश्लेषण और प्रसार में बहुत अत्यधिक सावधानी बरतता है | इस तरह की जानकारी का उद्देश्य केवल ***हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते दुरूपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बनाने में सक्षम बनाया जा सके*** | इसलिए, यह अपेक्षा की जाती है कि इस रिपोर्ट का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति एडीआर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का उपयोग करते समय उचित और अत्यधिक सावधानी बरतेगा | एडीआर किसी भी गलत तरीके से निपटने, विसंगति, समझने में असमर्थता, गलत व्याख्या या हेरफेर, डाटा को इस तरह से विकृत करने के लिए जिम्मेदार नहीं है ताकि किसी विशेष राजनीतिक दल या राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या लक्षित किया जा सके |

# सम्पर्क


| **Media and Journalist Helpline** | **Maj. Gen Anil Verma (Retd.)** | **Prof Jagdeep Chhokar** | **Prof Trilochan Sastry** |
|---|---|---|---|
| +91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Head<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>jchhokar@gmail.com | IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>+91 94483 53285<br>tsastry@gmail.com |

# अनुबंध – 1

## चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध क्षेत्रीय दलों के ऑडिट रिपोर्ट की स्थिति : वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22

| Regional Parties' Audit report status as per ECI website: FY 2020-21 and 2021-22 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Political Party** | **Party Code** | **Financial Year 2020-21** | **Financial Year 2021-22** |
| 1 | Aam Aadmi Party | AAP | Submitted | Submitted |
| 2 | Asom Gana Parishad | AGP | Submitted | Submitted |
| 3 | All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | AIADMK | Submitted | Submitted |
| 4 | All India Forward Bloc | AIFB | Submitted | Submitted |
| 5 | All India N.R. Congress | AINRC | Submitted | Submitted |
| 6 | All India United Democratic Front | AIUDF | Submitted | Submitted |
| 7 | AJSU Party | AJSU Party | Submitted | Submitted |
| 8 | Biju Janata Dal | BJD | Submitted | Submitted |
| 9 | Communist Party of India (Marxist-Leninist) (Liberation) | CPI(ML)(L) | Submitted | Submitted |
| 10 | Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | DMDK | Submitted | Submitted |
| 11 | Dravida Munnetra Kazhagam | DMK | Submitted | Submitted |
| 12 | Goa Forward Party | GFP | Submitted | Submitted |
| 13 | Indian National Lok Dal | INLD | Submitted | Submitted |
| 14 | Janta Congress Chhattisgarh (J) | JCC(J) | Submitted | Submitted |
| 15 | Janata Dal (Secular) | JDS | Submitted | Submitted |
| 16 | Janata Dal (United) | JDU | Submitted | Submitted |
| 17 | Jannayak Janta Party | JJP | Submitted | Submitted |
| 18 | Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party | JKPDP | Submitted | Submitted |
| 19 | Jharkhand Mukti Morcha | JMM | Submitted | Submitted |
| 20 | Kerala Congress (M) | KC-M | Submitted | Submitted |
| 21 | Maharashtrawadi Gomantak | MGP | Submitted | Submitted |
| 22 | Maharashtra Navnirman Sena | MNS | Submitted | Submitted |
| 23 | Nationalist Democratic Progressive Party | NDPP | Submitted | Submitted |
| 24 | Naga Peoples Front | NPF | Submitted | Submitted |
| 25 | People's Democratic Alliance | PDA | Submitted | Submitted |
| 26 | People's Democratic Front | PDF | Submitted | Submitted |
| 27 | Pattali Makkal Katchi | PMK | Submitted | Submitted |
| 28 | Rashtriya Janata Dal | RJD | Submitted | Submitted |
| 29 | Rashtriya Lok Dal | RLD | Submitted | Submitted |
| 30 | Shiromani Akali Dal | SAD | Submitted | Submitted |
| 31 | Sikkim Democratic Front | SDF | Submitted | Submitted |
| 32 | Samajwadi Party | SP | Submitted | Submitted |
| 33 | Telugu Desam Party | TDP | Submitted | Submitted |
| 34 | Telangana Rashtra Samithi | TRS | Submitted | Submitted |
| 35 | Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | YSR-Congress | Submitted | Submitted |
| 36 | Zoram Nationalist Party | ZNP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 37 | All India Majlis-E-Ittehadul Muslimeen | AIMIM | Submitted | **Not available on the ECI website** |

| Regional Parties' Audit report status as per ECI website: FY 2020-21 and 2021-22 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Political Party** | **Party Code** | **Financial Year 2020-21** | **Financial Year 2021-22** |
| 38 | Bodoland Peoples Front | BPF | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 39 | Hill State People's Democratic Party | HSPDP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 40 | Indigenous People's Front of Tripura | IPFT | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 41 | Mizoram People's Conference | MPC | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 42 | Rashtriya Lok Samta Party | RLSP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 43 | Shiv Sena | SHS | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 44 | Sikkim Krantikari Morcha | SKM | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 45 | United People's Party, Liberal | UPPL | **Not available on the ECI website** | Submitted |
| 46 | Indian Union Muslim League | IUML | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 47 | Jammu & Kashmir National Conference | JKNC | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 48 | Jammu & Kashmir National Panthers Party | JKNPP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 49 | Lok Jan Shakti Party | LJSP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 50 | Mizo National Front | MNF | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 51 | People's Party of Arunachal | PPA | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 52 | Rashtriya Loktantrik Party | RLTP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 53 | Revolutionary Socialist Party | RSP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 54 | United Democratic Party | UDP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |